BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 13 नवंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# अग्रवाल शिक्षा समिति में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**


अग्रवाल शिक्षा समिति के तत्वावधान में विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु समिति के सेडमल हॉल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् गीत से किया गया। मंचासीन पदाधिकारियों और अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। इसमें समिति द्वारा संचालित माध्यमिक और उन्नत पाठशाला के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अवसर पर विद्यार्थियों को स्वास्थ्यवर्धक बातों की जानकारी दी गई। अतिथियों के सम्मान में समिति के चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्याम सुंदर अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। समिति के मानद मंत्री सीए नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज का कार्यक्रम केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि यहाँ उपस्थित सभी के लिए लाभदायक होगा, क्योंकि एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए निरोगी काया का होना आवश्यक है। मंचासीन पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान शॉल और स्मृति चिह्न से किया। अवसर पर बटरफ्लाई प्रॉजेक्ट के संस्थापक डॉ. विश्वनाथ आत्रेय के साथ डॉ. गौतम कृष्ण और डॉक्टर श्वेता शर्मा उपस्थित थे। डॉ. विश्वनाथ आत्रेय ने बटरफ्लाई प्रॉजेक्ट की जानकारी दी। इसका उद्देश्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी का जीवन रंग-बिरंगी तितलियों जैसा होना चाहिए, जो स्वच्छंदता और निर्भीकता से आकाश में उड़ान भरती है। एल.बी.एम. टीएचएस की छात्रा दीक्षिता शर्मा, भुवनेश्वरी, डिंपल और हर्षवर्द्धन सोनी ने अतिथियों का स्वागत किया परिचय दिया। केयर हॉस्पिटल डिपार्टमेंट ऑफ़ वैस्कुलर सर्जरी के विभागाध्यक्ष एवं क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. पी.सी. गुप्ता ने स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, क्योंकि बीमारियों से बचने के लिए हमें हमारी जीवनशैली में सुधार करना होगा। हमें भोजन, निद्रा और शारीरिक गतिविधियों को नियमित करना चाहिए, जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से स्वयं को दूर रख सकें। कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल की सीनियर कंसलटेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. श्रावंती रेड्डी ने बच्चों में बढ़ते मोटापे की समस्या के कारण और समाधान से श्रोत-ाओं को अवगत करवाया।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हमें खाने, टीवी देखने और सोशल मीडिया का उपयोग करने में संतुलन बनाए रखना जरूरी है, अन्यथा कम उम्र में अगर हम मोटापे का शिकार हो जाते हैं, तो अनेक बीमारियाँ हमें घेर लेती हैं। हमें स्वस्थ भविष्य की नींव इसी उम्र में रखनी चाहिए। डॉ. प्रीति एस. कंसलटेंट आप्धाल्मालॉजिस्ट अग्रवाल आई हॉस्पिटल ने कहा कि हमें फोन, टैबलेट, टीवी, वीडियो गेम आदि के अधिक इस्तेमाल से अपने आपको बचाना होगा। आजकल की युवा पीढ़ी अपना अधिकतम समय इन्हीं चीजों में गंवा रही है, जिसकी वजह से उन्हें दृष्टि संबंधी एवं स्वास्थ्य संबंधी रोगों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में पाँचवीं, छठी एवं सातवीं कक्षाओं के 254 विद्यार्थियों के आँखों की जाँच की गई। किम्स सनशाइन हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ कंसलटेंट गाइनेकोलॉजिस्ट एंड ऑब्स्ट्रेट्रेशन डॉ. हव्या पुलावरूपु ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक क्रिया है, जिससे घबराना नहीं चाहिए, किन्तु जागरूकता रखनी चाहिए। ऐसे समय में किसी भी तरह की समस्या होने पर अभिभावक या शिक्षकों को बताकर डॉक्टर की सलाह लेने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए।



इस अवसर पर समिति के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. मोहन गुप्ता, जीकेपीएस और एलबीएमटी के सह समन्वयक प्रदीप कुमार, समिति की निदेशक डॉ. सरोज जैन, सह निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल, चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर एवं भगवती बाई मॉन्टेसरी स्कूल की प्राचार्या आराधना मोदानी, जीकेपीएस और एलबीएमटीके प्रधान अध्यापिका प्रीति बाला, अग्रवाल बॉयज हाई स्कूल एवं अग्रवाल बालिका विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के. प्रमिला, संस्थाओं के प्रमुख शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एलबीएमटी हाई स्कूल की अध्यापिका मेधा कुलकर्णी एवं जेकेपीएस की इंचार्ज रीता माथुर ने किया।

कार्यक्रम का आभार अग्रवाल बॉयज हाई स्कूल के हिन्दी माध्यम की अध्यापिका रश्मि बडोला ने जताया। समिति के चेयरमैन ट्रस्ट बोर्ड डॉ. श्यामसुंदर अग्रवाल का विशेष धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को मूर्त स्वरूप प्रदान किया। साथ ही डॉ. पी.सी. गुप्ता जिन्होंने इस कार्यक्रम को शिक्षा समिति के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाया।






नवभारत निर्माण संघ द्वारा विश्व शांति के प्रचार में लेखकों की भूमिका पर आयोजित राजनीतिक संगोष्ठी का आयोजन सौंदर्य विज्ञान केद्रम बाग लिंगम पल्ली हैदराबाद में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति वामन राव, विशिष्ट अतिथि अमृत कुमार जैन, एस. रवि कुमार, श्रीमती पी. सरोजनी देवी, सेवानिवृत्त उप निदेशक स्कूल शिक्षा तेलंगाना सामाजिक कार्यकर्ता वी. भारती और 50 से अधिक कवियों ने भाग लिया।

### अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा

# आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कैम्प 17 को

**हैदराबाद 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भारत सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारंभ किया है। जिसमें आयुष्मान भारत के कार्ड धारकों को वर्ष में 5 लाख तक का मेडिकल इन्शुरन्स सरकार द्वारा प्रदान किया जा रहा है ।

अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा गत रविवार दि. 10 नवम्बर को समाज कार्यालय में आयुष्मान भारत का कार्ड बनवाने के लिए पहला कैम्प का आयोजन किया गया। जिसकी अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए समाज ने आगामी रविवार दि. 17 नवम्बर को दूसरा कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में योजना के संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि गत रविवार को



कई अग्रबंधुओं के आधार कार्ड पर आंध्र प्रदेश लिखा हुआ था जो पंजीकृत नहीं हो पा रहे थे तथा जिनके आधार कार्ड पर तेलंगाना लिखा हुआ था वह क़रीब 70 अग्रबंधुओं के कार्ड अग्रवाल समाज द्वारा निःशुल्क पंजीकृत करवाए गए ।

विज्ञप्ति में बताया गया कि जो भी अग्रबंधुओं को 17 नवम्बर के लिए अपना नाम रजिस्टर करवाना हो वह अपने आधार कार्ड की फोटो मुकुंदलाल अग्रवाल को उनके फ़ोन नंबर 9396222880 पर व्हाट्सप कर सकते हैं। जिनके कार्ड आयेंगे केवल उन्हीं अग्रबंधुओं के कार्ड 17 नवम्बर को बनवाये जाएँगे। जिन अग्रबंधुओं के आधार कार्ड नीचे लिखी बातों के अनुसार होंगे केवल वह ही अग्रबन्धु अपना आधार कार्ड भेजें । 1) लाभार्थी की आयु आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष से अधिक हो 2) आधार कार्ड का लिंक मोबाइल फ़ोन से होना आवश्यक है3) जिस फ़ोन पर आधार कार्ड का लिंक हो केवल वही फ़ोन साथ में रहना आवश्यक है क्योंकि 5-6 बार ओटीपी उसी फ़ोन नंबर पर आएगा 4) आधार कार्ड पर पते में तेलंगाना लिखा होना अनिवार्य है यदि आंध्र प्रदेश हो तो अपने निकटतम - मी - सेवा में हैदराबाद ठीक करवायें उसके पश्चात् ही आपका रजिस्ट्रेशन होगा।5) लाभार्थी की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि लाइव फोटो लेकर कार्ड पर लगती है।अधिक जानकारी हेतु संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल 9396222880 से संपर्क कर सकते हैं।

# मां बनभौरी वाली की निशान यात्रा 26 फरवरी को

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

माँ बनभोरी परिवार भाग्यनगर के सुशील मित्तल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि मां बनभौरी परिवार के तत्वावधान में निशान यात्रा आगामी 26 फरवरी, 2025 को उच्च मंडी (हरियाणा) से माँ के धाम बनभौरी तक निकाली जागी। जिसमें माता जी के भक्त उच्च मंडी से सुबह 7.00 बजे माता रानी का निशाल धारण कर लगभग 18 किमी पैदल यात्रा करेंगे। जो भक्त उक्त निशान यात्रा में भाग लेना चाहते है वह अपना नाम दिसंबर, 2024 तक पंजीकृत करा सकते हैं।



राजस्थान रामदेवरा के रामदेव बाबा के 17वें वंशज प्रेम सिंह तंवर का भाजपा नेता मुकेश कुमार सोनी के निवास स्थान में स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जेठमल सोनी, सुरेश कुमार सोनी, अभिषेक सोनी एवं अन्य उपस्थित थे।





शुभ लाभ ग्रुप के सर्वेसर्वा श्री गोपाल अग्रवाल के जन्मदिन पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कार्यालय स्टाफ एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित करते हुए बिहार समाज सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू ओझा।



क्रोकरी ग्लास एसोसिएशन मर्चेंट द्वारा दीपावली स्नेह मिलन आयोजित किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित होकर एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।






अत्तापुर में पंडित संजू महाराज द्वारा आयोजित अन्नकूट प्रसादी में भाग लेते हुए भक्त।

## वेमुलावाड़ा मंदिर में एक दिन में 80,000 से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

**मंचेरियाल, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजन्ना सिरसिला में कार्तिक मास के पहले सोमवार के अवसर पर करोड़ों भक्त श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर वेमुलावाड़ा में उमड़े। कार्तिक होने के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह-सुबह ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में दीप जलाकर उसीरी (आंवला) के पेड़ों की विशेष पूजा करते देखे गए। इसके बाद उन्होंने भगवान शिव के दर्शन किए। मंदिर परिसर और कतारें भक्तों से खचाखच भरी थीं।



खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# मुख्यमंत्री रेवंत कल प्रजा विजयोत्सव का शुभारंभ करेंगे

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य सरकार 14 नवंबर को बाल दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में एलबी स्टेडियम में ङ्गप्रजा विजयोत्सवफ (लोगों की सरकार की सफलता) का शुभारंभ करेगी।



राज्य की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे, जिसमें स्टेडियम में उद्घाटन समारोह में 14,000 छात्र शामिल होंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिसमें आहार शुल्क में वृद्धि, राज्य के सभी स्कूलों में बुनियादी ढांचे का निर्माण, एकीकृत आवासीय स्कूलों की स्थापना और सरकारी स्कूलों को मुफ्त बिजली आपूर्ति शामिल है।

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव और विकास पर एक ऑडियो और वीडियो प्रस्तुति भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री शिक्षा विभाग के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई स्मारिका का अनावरण करेंगे। इस कार्यक्रम में हर जिले से छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थल पर छात्रों के लिए छतरियां, निरंतर बिजली आपूर्ति और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए एक विशेष मंच भी बनाया जाएगा।

# किशन रेड्डी ने कांग्रेस पर तेलंगाना में लोगों को धोखा देने और महाराष्ट्र को गुमराह करने का आरोप लगाया

**मुंबई/हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने तेलंगाना में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना की और उस पर झूठे वादों के जरिए लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।

मंगलवार को मुंबई में मीडिया से बात करते हुए रेड्डी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा और वादों की व्यापक उपेक्षा और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया।राज्य में कांग्रेस के प्रचार प्रयासों के दौरान महाराष्ट्र के लोगों को संबोधित करते हुए रेड्डी ने दावा किया कि कांग्रेस नेता तेलंगाना की तरह ही महाराष्ट्र को धोखा देने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में, मैं महाराष्ट्र के लोगों को यह बताने के लिए यहां आया हूं कि कैसे कांग्रेस तेलंगाना में छह मुख्य गारंटी और सैकड़ों उप-गारंटियों का वादा करके विफल रही है, जिनमें से 99 प्रतिशत पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

उन्होंने महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना, युवाओं की शिक्षा सहायता और किसानों के बोनस सहित कांग्रेस के घोषणापत्र में अधूरे वादों का हवाला देते हुए अपनी चिंताओं के बारे में विस्तार से बताया।

रेड्डी ने दावा किया कि विकलांग व्यक्तियों और मजदूरों के लिए 4,000 रुपये की मासिक पेंशन जैसी योजनाएं साकार नहीं हुई हैं, और रायतु भरोसा




कार्यक्रम के तहत किसानों के लिए वित्तीय सहायता अभी तक नहीं दी गई है। उन्होंने तेलंगाना कांग्रेस सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य ने काफी कर्ज जमा कर लिया है और चुनावों को प्रभावित करने के लिए अन्य राज्यों को धन हस्तांतरित कर रहा है। रेड्डी ने राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं को मुंबई प्रेस क्लब में राज्य की कथित प्रगति पर बहस करने की चुनौती दी, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महाराष्ट्र के लोगों को कांग्रेस के खोखले आश्वासनों से गुमराह नहीं होना चाहिए। रेड्डी का संबोधन राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच हुआ है क्योंकि कांग्रेस तेलंगाना और महाराष्ट्र में अपने कार्यक्रमों को बढ़ावा देना जारी रखे हुए है। उनकी टिप्पणी भाजपा के इस रुख को रेखांकित करती है कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार न केवल अपने वादों से पीछे रह रही है बल्कि राज्य की वित्तीय स्थिरता को भी खतरे में डाल रही है।

# तेलंगाना सरकार ने 13 आईएएस, 8 आईएफएस अधिकारियों का तबादला किया

**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों के पदों में बड़ा फेरबदल किया। 2005 बैच की आईएएस अधिकारी इलमबरीथी को जीएचएमसी आयुक्त नियुक्त किया गया है और पिछली बीआरएस सरकार में सीएमओ में अहम भूमिका निभाने वाली स्मिता सभरवाल को पर्यटन विभाग में सचिव नियुक्त किया गया है। डी. कृष्णा भास्कर को ट्रांसको सीएमडी नियुक्त किया गया है। तेलंगाना राज्य वित्त आयोग की सदस्य सचिव स्मिता सभरवाल को वाईएटी एंड सी विभाग में सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने एन. श्रीधर को एफएसी (पूर्ण अतिरिक्त प्रभार) से मुक्त कर दिया है।

मद्य निषेध एवं आबकारी आयुक्त ई. श्रीधर को बीसी कल्याण विभाग में सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने बी. वेंकटेशम को एफएसी से मुक्त कर दिया है। पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास आयुक्त अनीता रामचंद्रन को महिला एवं बाल कल्याण विंग में सचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने डॉ. टीके श्रीदेवी को



Smita Sabharwal, Secretary, YAT & C Dept
Ilambarithi K, Commissioner, GHMC
D Krishna Bhaskar, CMD, TRANSCO

एफएसी से मुक्त कर दिया है। परिवहन आयुक्त इलमबरीथी को जीएचएमसी में आयुक्त के पद पर स्थानांतरित किया गया है। के. सुरेन्द्र मोहन, सचिव, सरकार (खान एवं भूविज्ञान), सूचना एवं संचार विभाग को आयुक्त, परिवहन के पद पर एफएसी में रखा गया है।चेवुरू हरि किरण, जो पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे, को निदेशक, निषेध एवं उत्पाद शुल्क के पद पर नियुक्त किया गया है। डी. कृष्ण भास्कर, उपमुख्यमंत्री के विशेष सचिव और सरकार के विशेष सचिव, वित्त एवं योजना (एफएसी) को स्थानांतरित कर सीएमडी, ट्रांस्को के पद पर नियुक्त किया गया है, जो संदीप कुमार सुल्तानिया को एफएसी से मुक्त करेंगे।

शिवा शंकर लोथेती, जो पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे, को सीईओ, आरोग्यश्री स्वास्थ्य सेवा ट्रस्ट के पद पर नियुक्त किया गया है, जो आर.वी. कर्णन को एफएसी से मुक्त करेंगे। श्रीजना जी को निदेशक, पीआर एवं आरडी के पद पर नियुक्त किया गया है।

चित्तेम लक्ष्मी, जो पदस्थापना की प्रतीक्षा कर रहे थे, को निदेशक, आयुष के पद पर नियुक्त किया गया है, जो क्रिस्टीना जेड चोंगथु को उक्त पद से मुक्त करेंगे। कृष्ण आदित्य एस, निदेशक, श्रम को स्थानांतरित कर निदेशक, इंटरमीडिएट शिक्षा और सचिव, इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड के पद पर नियुक्त किया गया है।

संजय कुमार, प्रधान सचिव, सरकार के सचिव, एलईटी एंड एफ विभाग को आयुक्त, श्रम के पद पर एफएसी में रखा गया है, कृष्ण आदित्य का तबादला किया गया है। डॉ गौरव उप्पल, रेजिडेंट कमिश्नर, तेलंगाना भवन, नई दिल्ली को सरकार के सचिव के पद पर एफएसी में रखा गया है।

# कार की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत, एक अन्य घायल

**पेड्डापल्ली (तेलंगाना), 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेद्दापल्ली शहर के बाहरी इलाके रंगमपल्ली में मंगलवार को सड़क किनारे टहल रही दो महिलाओं की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।मृतकों की पहचान के. अमृता और के. भाग्यम के रूप में हुई है। घायल के. पद्मा को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी ने दिल्ली में राष्ट्रीय विद्युत मंत्रियों की बैठक में भाग लिया

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंगलवार को केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत विभाग के मंत्रियों की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करते हुए उपमुख्यमंत्री और विद्युत मंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, ईंधन विभाग के प्रधान सचिव संदीप कुमार सुल्तानिया और दक्षिणी




तेलंगाना विद्युत वितरण कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुशर्रफ फारूकी ने भाग लिया।

बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री विक्रमार्क ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ तेलंगाना से संबंधित प्रमुख विद्युत और विद्युत वितरण मुद्दों पर चर्चा की।एक बयान में कहा गया कि बैठक ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्युत क्षेत्र में अपनी प्राथमिकताओं और चुनौतियों को साझा करने का अवसर प्रदान किया, जिसमें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय ऊर्जा पहलों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# क्रेडिट कार्ड ठगी के 2.91 लाख रुपए बरामद किए



**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) की साइबर अपराध इकाई ने त्वरित एवं प्रभावी कार्वाई करते हुए एक व्यक्ति का 2,91,726 रुपया बरामद किया जो क्रेडिट कार्ड ठगी का शिकार हो गया था।

हैदराबाद पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि पीड़ित को एचडीएफसी बैंक का प्रतिनिधि बताने वाले एक व्यक्ति का फोन आया था, जिसमें उसने क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने की बात कही। व्यक्तिगत जानकारी सत्यापित करने के बहाने, ठग ने पीड़ित से संवेदनशील कार्ड विवरण देने का अनुरोध किया और पीड़ित को व्हाट्सएप पर भेजी गई एपीके फ़ाइल इंस्टॉल करने का निर्देश दिया।

फ़ाइल की स्थापना के बाद, पीड़ित के मोबाइल फोन से छेड़छाड़ की गई, जिससे एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड से 2,91,726 रुपये का अनधिकृत लेनदेन संभव हो गया। धोखाधड़ी वाले लेन-देन का पता अमेज़न पर तीन खरीदों से लगाया गया।

घटना के बाद, पीड़ित ने तुरंत 2 नवंबर, 2024 को हैदराबाद साइबर क्राइम यूनिट को मामले की सूचना दी। एनसीआरपी टीम ने जल्दी से मैलवेयर की पहचान की, इसे बेअसर किया और धन को अवरुद्ध करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया। टीम के सक्रिय प्रयासों के कारण, व्यापारी ने अदालत के आदेश की आवश्यकता के बिना पीड़ित के खाते में पूरी राशि वापस कर दी।

हैदराबाद शहर के पुलिस आयुक्त सी वी आनंद ने नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए साइबर अपराध इकाई की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, धन की वसूली में उनकी मेहनत और त्वरित कार्रवाई के लिए इकाई की प्रशंसा की।

# केटीआर ने कांग्रेस पर 300 करोड़ के फंड का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस के लोकसभा नेता राहुल गांधी और उनकी पार्टी पर तेलंगाना में चुनावी वादों को लागू करने के झूठे दावों के साथ महाराष्ट्र के लोगों को गुमराह करने का आर-ोप लगाया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सरकारी खजाने से लगभग 300 करोड़ रुपये का दुरुपयोग महाराष्ट्र के अखबारों में विज्ञापन देने के लिए किया गया, जिसमें राज्य में उपलब्धियों के झूठे दावे किए गए।

उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार के पास तेलंगाना में अपने चुनावी वादों को लागू करने के लिए धन नहीं है, लेकिन महाराष्ट्र चुनावों के लिए उन्हें पूरा करने का झूठा अभियान चलाने के लिए धन है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैला रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि कांग्रेस ने तेलंगाना में ऐसी योजनाएं लागू कीं, जो कभी पूरी नहीं हुईं। मंगलवार को दिल्ली में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, रामा राव ने बताया कि तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा किए गए प्रमुख वादे, जैसे कि किसान ऋण माफी और रायतु भरोसा, अधूरे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक सहायता, बुजुर्गों और अन्य लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि के दावे सरासर झूठ हैं। उन्होंने कहा, वे लोगों के कल्याण की बात करते हैं, लेकिन उनकी प्राथमिकताएं तेलंगाना के पैसे को महाराष्ट्र चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल करना है।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने भारत के चुनाव



आयोग से धन के अवैध प्रवाह को रोकने के लिए तेलंगाना-महाराष्ट्र सीमा पर निगरानी को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने महाराष्ट्र के मतदाताओं से इन दावों की गंभीरता से जांच करने और तेलंगाना के निवासियों से उन्हें सत्यापित करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने उन्हें एक क्षेत्रीय पार्टी को वोट देने का सुझाव दिया जो उनके राज्य के हितों की सेवा करती है। उन्होंने सवाल किया कि कांग्रेस तेलंगाना में काम करने में विफल रही। महाराष्ट्र को उनके खोखले वादों पर क्यों विश्वास करना चाहिए? विधायकों के दलबदल पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणियों पर निशाना साधते हुए रामा राव ने कांग्रेस पर राजनीतिक खरीद-फरोख्त की संस्कृति को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों को बकरियों की तरह खरीदे जाने का रोना रो रही है, लेकिन उनकी पार्टी ही दलबदल की मूल निर्माता है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने लोकतांत्रिक अखंडता को कमजोर करते हुए लगभग 10 विपक्षी विधायकों को लालच दिया। पूर्व मंत्री ने राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को भी नहीं बख्शा और कहा कि रेड्डी ने अपने बेटे की कंपनी राघव कंस्ट्रक्शन को आकर्षक सरकारी ठेके देने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने मंत्री की संपत्तियों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापों पर भाजपा की चुप्पी पर सवाल उठाया।

उन्होंने पूछा, भाजपा और ईडी चुप क्यों हैं? बंद दरवाजों के पीछे क्या सौदे हो रहे हैं? पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने की धमकियों पर रामा राव ने घो-षणा की कि अगर उन्होंने कुछ गलत किया है तो वे किसी भी परिणाम का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी भी जांच से नहीं डरते।

उन्होंने पूछा, कोई भी मामला दर्ज करें, कोई भी एजेंसी तैनात करें- मैं उसका सामना करने के लिए तैयार हूं। लेकिन क्या पोंगुलेटी और रेवंत रेड्डी भी ऐसा ही कह सकते हैं? कोडंगल में अशांति पर एक सवाल का जवाब देते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर अपने दामाद की फार्मा कंपनी के लिए जबरन भूमि अधिग्रहण करने का आरोप लगाया, जिसके परिणामस्वरूप व्यापक विरोध हुआ। उन्होंने विरोध को शांत करने के लिए ग्रामीणों की गिरफ्तारी की निंदा की। उन्होंने कहा, कोडंगल के निवासियों को इन अवैध अधिग्रहणों का विरोध करने के लिए जेल में डाल दिया गया है। इस सरकार ने कॉर्पोरेट लालच के लिए अपने लोगों को धोखा दिया है। जब जिला कलेक्टर ने खुद घो-षणा की है कि उन पर कोई हमला नहीं हुआ है, तो इन गिरफ्तारियों का क्या उद्देश्य है।

# बीआरएस ने प्रधानमंत्री से तेलंगाना अमृत योजना टेंडर घोटाले पर कार्रवाई करने का आग्रह किया

**हैदराबाद/नई दिल्ली, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री केटी रामा राव (केटीआर) ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तेलंगाना राज्य में अमृत योजना टेंडर घोटाले पर कार्रवाई करने का आग्रह किया।

दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केटीआर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री ने पहले तेलंगाना पर कांग्रेस और अन्य राज्य चुनावों के लिए एटीएम होने का आरोप लगाया था, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि वे स्थानीय भ्रष्टाचार को भी संबोधित करें।केटीआर ने कहा कि लगातार आरोपों के बावजूद मोदी ने तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं किया है।उन्होंने जोर देकर कहा कि तेलंगाना में राहुल और रेवंत टैक्स के बारे में बिना किसी कार्रवाई के आरोप लगाना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अमृत टेंडरों से जुड़ी भ्रष्टाचार संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि बीआरएस ने केंद्र सरकार को भ्रष्टाचार के बारे में पर्याप्त सबूत सौंपे हैं।गौरतलब है कि केटीआर और बीआरएस पार्टी के सांसदों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दिल्ली में शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और जांच कराने तथा अमृत निविदाओं को रद्द करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने अमृत निविदाओं में कथित भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। केटीआर ने आगाह किया कि अगर केंद्र सरकार ने संसदीय सत्र के दौरान अमृत निविदाओं में भ्रष्टाचार को संबोधित नहीं किया, तो हम इस मुद्दे को संसद में, खासकर राज्यसभा में सबसे आगे लाएंगे। केटीआर ने भाजपा की ईमानदारी को चुनौती देते हुए इसे कांग्रेस के भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए मलिटमस टेस्टफ कहा। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा नेताओं और पीएम मोदी द्वारा लगाए गए आरोपों में कोई दम है, तो कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि अमृत निविदाएं कथित तौर पर मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों के परिवार के सदस्यों को दी गई हैं। केटीआर के अनुसार, अगर ये आरोप झूठे हैं, तो भाजपा नेताओं को जनता को आश्वस्त करना चाहिए। हालांकि, अगर वे सच हैं, तो भाजपा को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और निश्चित कार्रवाई करनी चाहिए।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, निरंतरता और कड़ी मेहनत ही सफलता की असली कुंजी : भगवती बल्दवा



तीन दिवसीय उड़ान सीजन-2 का सफल आयोजन



**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)**

महाराष्ट्र के परभणी जिले के ढालेगांव स्थित श्री समर्थ वेद विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय आवासीय कार्यक्रम 'उड़ान सीजन 2 - 2024' का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज की अविवाहित किशोरियों को प्रेरित करने और सशक्त बनाने के उद्देश्य से महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा, महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन, संस्कार संस्कृति संवर्धन समिति, परभणी जिला माहेश्वरी सभा, परभणी जिला माहेश्वरी महिला संगठन और परभणी जिला माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम किशोरियों को भारतीय संस्कृति, आधुनिक तकनीक, आत्मरक्षा, और जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं से परिचित करा गया। 'कहानी वही, सोच नई' के मोटो के साथ तीन दिन तक सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पहले दिन प्रतिभागियों को स्व-संरक्षण और आपदा प्रबंधन की बारीकियां सिखाई गईं। उन्हें भारतीय संस्कृति और विज्ञान के गहरे संबंधों के बारे में जानकारी दी गई। इस सत्र में देशभर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मानसिक, शारीरिक, और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्याख्यान दिए। प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य आधुनिक तकनीकों का परिचय भी दिया गया।दूसरे दिन संवाद कौशल, टीम बिल्डिंग और भारतीय पारिवारिक व्यवस्था पर सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने किशोरियों को सिखाया कि कैसे वे अपने परिवार और समाज में बेहतर संवाद स्थापित कर सकती हैं। इस दौरान, जीवन में टीम वर्क और सहयोग की महत्ता पर भी जोर दिया गया। तीसरे दिन आत्मरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकें सिखाईं। इसके अलावा, अभिभावकों और किशोरियों के लिए संवाद कौशल सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रसिद्ध उद्यमी, समाजसेवी और वक्ता भगवती बल्दवा ने अभिभावकों और किशोरियों को संबोधित करते हुए कहा कि सपने जागते हुए देखे जाने चाहिए और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। यदि कोई कहे कि चुटकियों में सफलता मिलेगी, तो उस पर भरोसा न करें। जीवन में अपनों का साथ सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि अकेले सफलता का आनंद अधूरा है। सैकड़ों नवयुवतियों, महिला उद्यियों के साथ कारोबारी इंटरेक्टिव सेशन में बल्दवा ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम सनातन संस्कृति में जन्मे हैं। संस्कार और संस्कृति हमारी पहचान हैं, और इसे हमें हर हाल में बनाए रखना चाहिए। माता-पिता को अपने बच्चों के लिए आदर्श बनना चाहिए और उन्हें संस्कारित जीवन जीने की प्रेरणा देनी चाहिए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति अरुण भांगड़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में हमें अपनी संतानों को नई तकनीकों से लैस करने की जरूरत है। समाज और कारोबार में तकनीक के महत्व को समझते हुए हमें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। इस मौके पर कोमल करवा, अनिल राठी, शरद सोनी, गंगाप्रसाद तोष्णीवाल, मधुसूदन गांधी, विनीत तोष्णीवाल, सत्यनारायण सारडा, कल्पना मालू, मंगला बिरला, वेदांत बांगड़, सीए पवन कुमार झंवर, नटवर डागा, सरोज गट्टाणी, डॉ. शामा मंत्री, पुरुषोत्तम धूत, धीरज सोमाणी, ममता काबरा, गोपाल मुरक्या और मधुर बाहेती ने भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन आभा काबरा साबू ने किया।

# रेणुका गौशाला का उद्घाटन 17 को



**हैदराबाद, 12 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

चिंचोली जिल्ली कलाभावी तांडा रोड पर रेणुका गौशाला का उद्घाटन आगामी 17 नवम्बर 2024 डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य द्वारा किया जायेगा।

यहाँ जारी रेणुका गौशाला द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि रेणुका गौशाला के अध्यक्ष डी. नरसिंग राव ने हैदराबाद कोंडापुर मेलव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेरमेन जसमतभाई पटेल से गौशाला उद्घाटन का निमंत्रण देकर उन्हे उद्घाटन समारोह में भाग लेने का निवेदन किया।

लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेरमेन जसमतभाई पटेल से प्रेरित होकर प्रमुख समाजसेवी डी. नरसिंगराव ने अपने गांव में गौशाला खोलने पर कार्य प्रारंभ किया। जो कि आगामी 17 नवम्बर 2024 को साकर होने जा रहा है। चिंचोली जिल्ली कलाभावी तांडा रोड पर नवनिर्मित रेणुका गौशाला का उद्घाटन डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य करेंगे तथा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद उमेश जाधव, विशेष अतिथि के रूप मे विधायक अविनाश जाधव, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेरमेन जसमत पटेल, सम्माननिय अतिथि के रूप मे श्री राम सेवा सदन गौशाला नंदिगांव के मंत्री कमल मर्दा, गौभक्त दिलीप कुलकर्णी, राजशेखर, महेन्द्र कुमार धनुका (पटनचेरू), प्रताप रेड्डी, एल. श्रीनिवास भेग लेंगे।डी. नरसिंग राव ने कहा कि उद्घाटन कार्याम अंतर्गत शुावार दि. 15 नवम्बर 2024 को प्रातः 6 बजे से चंडी होमम तथा अन्य पूजा (101 जोडो के साथ), रविवार दि. 17 नवम्बर को 2024 को प्रातः 10 बजे से श्री सत्यनारायण कथा तथा सायं 4 बजे गौशाला उद्घाटन कार्याम रहेगा।

अवसर पर जसमतभाई पटेल ने डी. नरसिंग राव को स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत किया तथा उन्हे विश्वास दिलाया कि रेणुका गौशाला मे वह तन, मन, धन से सहयोग करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगो को गौशाला से जोडेंगे। जसमत पटेल ने कहा कि वह नगरद्वय की विभिन्न गौप्रेमी संस्थाओ, गौशाला प्रबंधको, गौभक्तो से इस उद्घाटन कार्याम मे पधारने हेतु स्वयम व्यक्तिगत निमंत्रण देंगे।जसमत पटेल ने कहा कि सनातन धर्म, जैन धर्म हो, सभी धार्मिक गंथो मे गौसेवा के चमत्कार हम सदैव पढते रहते है। गौमाता ही एक एसी प्राणी है जो हमे मृत्यु पश्चात तारणी गंगा पार करवाकर हमे मोक्ष प्रदान करती है। गौमाता धन, वैभव, किर्ती, एश्वर्य की खान है। ऐसी विवक्षण प्राणी की सेवा करने से मात्र से इन सभी कि प्राप्ती होती है। संत डोंगरेजी के कहे गये यह वचन आज जीवन के शाश्वत सत्य है।



मातृशक्ति महिला द्वारा मंगलवार को शिवालयम लालदरवाजा में कार्तिक दीपोत्सव मनाते हुए उमा गोपीनाथ जोशी, प्रशांति पुष्पांजलि, सुजाता, सुवर्णा, सपना और अन्य।


## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 77,650/- (प्रति 10 ग्राम)
चाँदी : 91,800/- (प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 78,675.1
-820.97 -1.03% ↓
एनएसई :23,883.45
-257.85 (-1.07%) ↓



कोरेमुला स्थित सीरवी समाज द्वारा रविवार 17 नवंबर को आयोजित होने वाले एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक टी. राजा सिंह को आमंत्रित करते हुए कुमावत समाज तेलंगाना के प्रदेशाध्यक्ष सोनारामतिलायचा, रक्षक हिन्दू युवा फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमावत, तेलंगाना प्रदेशाध्यक्ष सी.आर. कुमावत, धर्माराम रेड, नारायण घोड़ावड़, राजेन्द्र गुड़िया, चंपालाल खेड़ावत व अन्य उपस्थित थे।



उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर राज्यपाल जीष्णु देव वर्मा एवं लेडी राज्यपाल श्रीमती सुधा जीष्णु देव वर्मा को यल्मपेट मेडचल में बन रहे विशाल पंच केदार मंदिर की रिप्लिका भेट करते हुए श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन जयपाल सिंह नयाल, सनातनी श्रीमती प्रेमा नयाल,बलवीर प्रसाद, पैनोली बलवीर सिंह रावत, मनोज, जितेंद्र राणा,योगेश, दीप्ति सोनी, कमल पंथ, दीपा शर्मा आदि।



फिलखाना स्थित बाबा श्री रामदेव महाराज के मंदिर में भव्य श्रृंगार के साथ अन्नकूट प्रसादी महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर के (पुजारी स्व. रामचन्द्र व्यास) की पत्नी श्रीमती प्रमिला व्यास, पुजारी जितेन्द्र व्यास, रामदेव नागला, रामदेव व्यास (बिरांटिया), मुरलीधर तिवारी, रामनिवास ओझा, विष्णु गोपाल उपाध्याय,धिरज उपाध्याय,जुगल किशोर उपाध्याय, रमेश कुमार व्यास,दिपक उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण व्यास, सुरेश पांडिया एवं भक्तगण उपस्थित थे।





श्री शंकरलाल भूरीवाले

(सुपुत्र : स्व.श्री मोहनलालजी भूरीवाले) वैकुण्ठवास: 8-11-2024

दसवाँ आज बुधवार दि.13-11-2024 को हमारे निवास स्थान पर।

आपकी आत्मा को शांति मिले, मिले प्रभु का द्वार।
वैकुण्ठ का सत्संग मिले, मिले स्वर्ग का सुख सार।।

सन्निविष्टकर्ता:
धनराज यादव भूरीवाले, रामचंद यादव भूरीवाले (भाई),
विद्याबाई भूरीवाले (धर्मपत्नी), चेतना (पुत्री) एवं समस्त भूरीवाले परिवार

श्रीमती सुक्कोबाई भूरी सदन, म.नं.14-4-147, बेदरवाडी, बेगम बाजार, हैदराबाद. फोन : 9700021314, 9393192129, 9666173709



शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, VIJAYA LAKSHMI, is legally wedded spouses of Service No. JC-244807M Rank: EX-SUB, Name: M CHANDRAHASA RAJU, residing at H.No. 7-36-5, Western Colony, Vill: SUNDIPENTA, PO: SRISAILAM PROJECT, Teh: ATMAKUR, District: KURNOOL, State: ANDHRA PRADESH, Pin: 518102, I have- Changed my Name from: **VIJAYA LAKSHMI** to **MEESARAGANDLA VIJAYALAKSHMI** and changed my DOB from: **15-07-1978** to **01-01-1984**, Affidavit Singed By advocate and Notary B yadagiri MMCP BA LLB

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.15816021N Hav TUPE SUNIL NARAYAN S/o. Narayan Keshavrao Tupe of AOC Records, C/o.56 APO hereby declare that my father name is changed from **NARAYAN TUPE** to **NARAYAN KESHAVRAO TUPE** and mother name is changed from **ALKAN TUPE** to **ALAKABAI NARAYAN TUPE** vide affidavit S.No.37AA370848

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.JC 733215L Sub Raul Hrishikesh Brundawan of AOC Centre, C/o.56 APO hereby declare that my son name is changed from **NARAYAN HRISHIKESH RAUL** to **NARAYAN RAUL** vide affidavit S.No.37AA370849.

**CHANGE OF NAME**
I, GEETA TUPE spouse of Service No. 15816021N Hav Tupe Sunil Narayan, Resident of AOC Records, C/o.56 APO have changed my name from **GEETA TUPE** to **GEETA SUNIL TUPE** vide affidavit dt:12-11-2024 before G.Ramchander, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No 6941505M Hav Malkeet Singh of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my mother name is changed from **SHEMALO DEVI** to **SHIMLO DEVI.**

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 6941494L Hav Dinesh of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my mother name is changed from **GITA** to **GEETA BAI.**

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. 15815107A Hav Mulasiya Rohitkumar Rameshbhai of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana. hereby state that my father name is to be changed from **RAMESHBHAI** to **PRAJAPATI RAMESHBHAI.**

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC 733170W Sub Maj Girdhari Lal of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad Telangana hereby state that my mother name is changed from **VAACHHLA DEVI** to **BASHLA DEVI.**

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, MAHENDER KAUR, Mother of Mr Saranjit Singh , resident of Vill-Narwan, Post-Bhagwol, Teh- Gurdaspur, Dist-Gurdaspur, State-PB, Pin Code-143511 have Changed my name & DOB from **MAHENDER KAUR & 01 Jul 1956** to **MAHINDER KAUR & 21 Mar 1957** respectively vide affidavit dated Nov 2024 before 1st Class Magistrate, Court of Additional Chief Judicial Magistrate, Hyderabad.






कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर श्री राम जीवा सेवा सदन गोशाला में गौदान करते हुए किशन गोपाल गिल्डा परिवार, पुरुषोत्तमबाहेती परिवार, लक्ष्मीनारायणजी भट्टड़ परिवार। अवसर पर राजेश तापड़िया, जगदीश पटेल, गिरिधर बाबू व अन्य उपस्थित थे।



देवीनगर नदी बाल हनुमान मंदिर में बाल हनुमान मंदिर असोसिएशन द्वारा अन्नकूट का आयोजन किया गया।


हार्दिक श्रद्धांजलि




श्री जमनालालजी कांकाणी

सुपुत्र : स्व. श्री रामजीवनजी कांकाणी)
गोलोकवास : शुक्रवार 1 नवम्बर 2024

हृदय की गहराइयों से आपको, श्रद्धांजलि अर्पित करते है हम।
आपकी सरलता, सद्व्यवहार को, कभी न भुला पायेंगे हम ।।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता :
राजस्थानी मारवाड़ी समाज का सशक्त संगठन
राजस्थानी जागृति समिति, हैदराबाद

अध्यक्ष : श्रीनिवास सोमाणी, उपाध्यक्ष : प्रेमचन्द मुणोत जैन
मंत्री : अशोक कुमार हिरावत, कोषाध्यक्ष : संजय राठी
सदस्यगण : जयप्रकाश लड्ढा, रामदेव नागला, रमेश मोदानी, प्रेम परवाल, बालाप्रसाद लड्ढा, नेमीचनद झा, गोविन्द राव बिरादर, बालाप्रसाद मोदानी, रिद्धिश जागीरदार, मनीष सोमाणी, बद्री विशाल तोषणीवाल, कमल भट्टड

